बी स्कूल्स, आईआईटीज के प्रतिभागी होंगे शामिल रजिस्ट्रेशन 25 तक

आईआईएम रांची के एनुअल कल्चरल एंड स्पोर्ट्स फेस्ट 'रश' 1 फरवरी से, तैयारी शुरू

CULTURAL FEST

सिटी रिपोर्टर . रांची

आईआईएम रांची के एनुअल कल्चरल व स्पोर्ट्स फेस्ट रश 5.0 की सुगबुगाहट शुरू हो चुकी है। स्टूडेंट्स फ्लैशमोब के जरिए लोगों को अपने फेस्ट से रुबरु करवा रहे हैं। इस साल फेस्ट 1-2 फरवरी को होने वाला है। जिसका थीम रेडियोएक्टिव रिसर्जेंस रखा गया है। इसमें कुल 15 कल्चरल इवेंट व 11 स्पोर्ट्स इवेंट होंगे। जिसमें झारखंड सहित अन्य राज्यों के बी स्कूल व आईआईटीज के प्रतिभागी भाग लेंगे। इसके लिए रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया शुरु हो चुकी है। इस फेस्ट में भाग लेने के लिए रजिस्ट्रेशन का अंतिम दिन 25 जनवरी है। रजिस्ट्रेशन व फेस्ट से संबंधित जानकारी www.rush-iimranchi.com से प्राप्त कर सकते हैं।

इवेंट : आईआईएम के इस फेस्ट में कल्चरल इवेंट में सोलो डांस, डुएट डांस, ग्रुप डांस, फैशन शो, सोलो व डुएट सिंगिंग, स्ट्रीट प्ले, शॉर्ट फिल्म मेकिंग, थीम फोटोग्राफी, माईम, वॉर ऑफ बैंड्स आकर्षण का केंद्र होंगे। स्पोर्ट्स में एथलेटिक्स, बैडमिंटन, कैरम, क्रिकेट, चेस, फुटबॉल, वॉलीबॉल आदि कंपीटिशन होंगे।

Dainik Bhaskar, 21.01.2020, Pg. 01(Supli)